प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 08.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी श्री रामप्रवेश राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम चौकी प्रभारी पसवारा उ0नि0 गणेश कुमार द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्त 1. आशाराम पुत्र रामकिशन 35 वर्ष को सम्बन्धित धारा 323/504/506 भादवि तथा 2. रामकिशन पुत्र दिबिया कहार 60 वर्ष को सम्बन्धित धारा 323/504/506 भादवि के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो को माननीय न्यायलय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1.उ0नि0 गणेश कुमार चौकी प्रभारी पसवारा थाना कोतवाली नगर महोबा

2. का0 अमन शर्मा थाना कोतवाली नगर महोबा

3. का0 प्रमोद कुमार थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. आशाराम पुत्र रामकिशन 35 वर्ष निवासी ग्राम रतौली थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

2. रामकिशन पुत्र दिबिया कहार 60 वर्ष निवासी ग्राम रतौली थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा





# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने अवैध शराब सहित 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अवैध शराब की बिक्री, निष्कर्षण एंव परिवहन की रोकथाम अभियान के अनुपालन में दिनांक 07.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री दिनेश तिवारी द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। जिसमें उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश द्वारा 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.भीमचन्द्र कुशवाहा पुत्र मइयादीन कुशवाहा उम्र 22 वर्ष व 2.बृजेश कुशवाहा पुत्र परमलाल कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को बरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से क्रमशः 23 अदद क्वाटर एवं 22 अदद क्वाटर ठेका देशी शराब कुल (45 क्वाटर) बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर क्रमशः मु0अ0सं0 127/22 व 128/22 धारा 60 EX. ACT पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.उ0नि0 राजेन्द्र प्रकाश 2. का0 जगवीर सिंह 3. का0 अखिलेश कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्तगण-**

1.भीमचन्द्र कुशवाहा पुत्र मइयादीन कुशवाहा उम्र 22 वर्ष

2.बृजेश कुशवाहा पुत्र परमलाल कुशवाहा उम्र 20 वर्ष निवासीगण ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

**बरामदगी-** कुल 45 क्वार्टर ठेका देशी शराब नाजायज



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित -

आज दिनांक **08.08.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी श्री रामप्रवेश राय व प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आगामी कजली मेला महोत्सव का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

आज दिनांक 08.08.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह द्वारा आगामी कजली मेला महोत्सव के दृष्टिगत लगने वाले मेला की सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को लेकर मेला व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर मेला परिसर में बन रहे थाना व चौकी का निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी मेला थाना निरीक्षक श्री उमेश कुमार को सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मेला प्रबंधन समिति से समुचित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वार्ता की गयी तथा उनके द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा भी की, साथ ही निर्देश दिया कि दो दुकानों के बीच के मार्गों को चौड़ा रखा जाए जिससे लोगों को दूर-दूर चलने में परेशानी ना हो और ट्रैफिक जाम की स्थिति भी ना हो।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि मेला स्थल के अंदर वाहनों का प्रवेश बिल्कुल वर्जित रखा जाए। आयोजन समिति को पूर्ण आश्वस्त किया कि पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी और समिति को मेला आयोजन करने में पूरी मदद पुलिस करेगी।

इस दौरान प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय व प्रभारी मेला थाना निरीक्षक श्री उमेश कुमार मौजूद रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 08.08.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी श्री रामप्रवेश राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली महोबा श्री बलराम सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 शेरेआलम खाँ द्वारा चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान 01 वारण्टी अभियुक्त हरिश्चन्द्र सेन (नाई) पुत्र श्रीपत नाई उम्र 40 वर्ष सम्बन्धित मु0नं0- 851/15 धारा 279/337/338/304ए भादवि गैरजमानतीय वारण्ट माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा को मुहल्ला नयापुरा बंधानवार्ड से गिरफ्तार करते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक विवरणः-

हरिश्चन्द्र सेन (नाई) पुत्र श्रीपत नाई उम्र 40 वर्ष निवासी नयापुरा छोटी चन्द्रिका देवी मार्ग रामकुण्डा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 शेरेआलम खाँ प्रभारी चौकी मनियादेव थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 श्याम यादव थाना कोतवाली नगर महोबा
3. कां0 प्रवीन कुमार वर्मा थाना कोतवाली नगर महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कुलपहाड़ की संयुक्त पुलिसटीम ने जुआ खेल रहे 06 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 06.08.2022 अवैध जुआ में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा गठित संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

जिसमें वरिष्ठ उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह द्वारा ताश के पत्तो से रुपयो की हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तगण को ग्राम लाड़पुर शिवमन्दिर के पास मय मालफड 1150/- रूपये व 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 340/- रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 198/2022 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया

उ0नि0 महेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा ताश के पत्तो से रुपयो की हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए 03 नफर अभियुक्तगण को ग्राम लाड़पुर देव मन्दिर के पास के पास से मय मालफड 1140/- रूपये व 52 अदद ताश पत्ता व जामा तालाशी 280/- रूपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 199/2022 धारा 13 जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम-

1.उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह 2.उ0नि0 महेन्द्र प्रताप सिंह 3.कां0 बिपिन कुमार यादव 4.कां0 शिवम कुमार 5. कां0 मनोज कुमार 6.कां0 विवेक कुमार थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.हरेन्द्र सेन पुत्र शिवराम सेन 2.रविन्द्र राजपूत पुत्र भूपत सिंह 3.नीरज सिंह पुत्र गोविन्द राजपूत 4.शैलेन्द्र पुत्र अर्जुन सिंह 5.बलराम पुत्र गोरेलाल विश्वकर्मा 6.हरी सिंह पुत्र किश्नबिहारी राजपूत निवासी ग्राम लाड़पुर थाना कुलपहाड़ जिला महोबा






# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

**मोहर्रम पर्व व कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ किया जा रहा सायं पैदल गस्त-**

- **मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की की जा रही सघन चेकिंग**
- **पैदल गश्त के दौरान ताजियादारों, अखाड़ा व मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से वार्ता कर कराया जा रहा सुरक्षा का एहसास**
- **पर्वों के दौरान शांति व सौहार्द बनाए रखने की की जा रही अपील**

आगामी मोहर्रम पर्व एवं जनपद में कानून व शांति व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के दृष्टिगत श्रीमती सुधा सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक व समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना/चौकी क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों/वस्तुओं की गहनता से चेकिंग की गई। ताजियादारों, अखाड़ों व मोहर्रम कमेटी के सदस्यों से से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है। साथ ही सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं, आमजन व व्यापारियों से आपसी प्रेम व सौहार्द, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा रही है।

यातायात नियमों के उल्लंघन पर **46** ई-चालान किये गये।









प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा